08/04/2026

आकाशवाणी ईटानगर

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज अरुणाचल प्रदेश के आंजाव जिले में बारह सौ मेगावाट क्षमता वाली कालाई-II जल विद्‌युत परियोजना के निर्माण के लिए 14,105.83 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस परियोजना को अठत्तर महीनों में पूरा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, मंत्रिमंडल ने कामले, क्रा दादी और कुरुंग कुमे जिलों में एक हजार सात सौ बीस मेगावाट क्षमता वाली कामला जल विद्‌युत परियोजना के निर्माण के लिए छब्बीस हजार उनहत्तर दशमलव पांच शून्य करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी है, जिसकी पूर्णता अवधि छियानवे महीने निर्धारित की गई है।

0000000000000000000000

चुनाव प्रचार अभियान के कल समाप्त होने के बाद असम, केरलम और पुडुचेरी में मतदान की तैयारियां जारी हैं। इन तीनों राज्यों में कल एक ही चरण में मतदान होगा, जिसमें असम की एक सौ छब्बीस, केरलम की 140 और पुडुचेरी की 30 विधानसभा सीटें शामिल हैं। मतगणना चार मई को की जाएगी।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने आज वेस्ट कामेंग जिले में स्थित जसवंतगढ़ युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने उन्नीस सौ बासठ के युद्ध में शहादत वीर नायक राइफलमैन जसवंत सिंह रावत (मरणोपरांत महावीर चक्र) सहित सभी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्यपाल ने स्मारक को साहस, बलिदान और अटूट देशभक्ति का प्रतीक बताया। उन्होंने जिले के बैशाखी स्थित छियालीस इन्फैंट्री ब्रिगेड मुख्यालय का दौरा कर अधिकारियों एवं जवानों से बातचीत भी की।

0000000000000000000000

एनसीडीसी (पूर्वोत्तर क्षेत्र) के क्षेत्रीय निदेशक रॉबर्ट एच. तूथांग ने मंगलवार को राज्य ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री ओजिंग तासिंग से मुलाकात की। बैठक में स्वयं सहायता समूह फेडरेशन को मजबूत कर ग्रामीण क्षेत्रों को सशक्त बनाने, सूक्ष्म ऋण की पहुंच बढ़ाने और कृषि-बागवानी संपदा के बेहतर उपयोग पर चर्चा हुई। इस अवसर पर श्री तासिंग ने कहा कि जब संस्थाएं और सही नीयत एक साथ आती हैं, तो परिवर्तन दूर नहीं होता, बल्कि जमीनी स्तर से ही शुरू होकर आत्मनिर्भरता, ग़रिमा और सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ता है।

0000000000000000000000

मंगलवार दोपहर एक बजकर तीस मिनट पर लोअर निरजुली स्थित डी-सेक्टर में लगी भीषण आग में नाबाम हार्क के चार OBT

मकान पूरी तरह जलकर खाक हो गए। हालांकि इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है, लेकिन आग में महत्वपूर्ण दस्तावेज, फर्नीचर आदि नष्ट हो गए। घटना के बाद स्थानीय निवासियों में आक्रोश है और वे भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए निरजुली में तत्काल एक फायर स्टेशन स्थापित करने की मांग कर रहे हैं। स्थानीय नेताओं का कहना है कि दूर स्थित फायर स्टेशनों से प्रतिक्रिया में देरी एक गंभीर खतरा बनी हुई है।

0000000000000000000000

पासीघाट स्थित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज, के इकोनॉमिक्स विभाग द्वारा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ - IQAC के सहयोग से आज एक दिवसीय स्वदेशी शिल्प बीडिंग कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम में **'हाउस ऑफ मैकनोक'** की संस्थापक सुश्री निन्ना लेगो ने अपने सफर को साझा किया, जिसके तहत उन्होंने एक छोटे से MBA प्रोजेक्ट को सफल उद्यम में बदला हैं। कार्यशाला में प्रतिभागियों को पारंपरिक शिल्प तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव मिला और उन्हें कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भरता एवं उद्यमिता की दिशा में प्रेरित किया गया।

0000000000000000000000

अंडर-16 बॉएज़ एण्ड गर्ल्स वर्ग के लिए नौवें जिला स्तरीय हांगपान दादा मेमोरियल ट्रॉफी (फुटबॉल और वॉलीबॉल) का शुभारंभ कल

ईटानगर के चिम्पू स्थित सांगे लाह्दिन स्पोर्ट्स अकाडेमी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुआ। टूर्नामेंट में ICR के तीन सर्किल बंदरदेवा, नाहरलगुन और ईटानगर की टीमें भाग ले रही हैं। बॉएज़ फुटबॉल वर्ग के उद्घाटन मैच में नाहरलगुन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ईटानगर को 6-1 से पराजित किया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता सोलह मई 2026 से वेस्ट सियांग जिले के आलो में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में भाग लेंगे। टूर्नामेंट का आयोजन जिला प्रशासन, ICR द्वारा अरुणाचल प्रदेश सरकार के खेल विभाग के सहयोग से किया जा रहा है।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश सरकार के पर्यटन विभाग ने गत 6 और 7 अप्रैल 2026 को ईटानगर स्थित स्टेट फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट में दो दिवसीय होमस्टे आतिथ्य उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस प्रशिक्षण में विभिन्न जिलों से लगभग चालीस प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में होमस्टे प्रबंधन, अतिथि सत्कार, हाउसकीपिंग, संचार कौशल तथा ILP/PAP सहित संचालन प्रक्रियाओं पर विशेष ध्यान दिया गया।

0000000000000000000000

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर अपर सुबनसिरी जिले के बारीरिजो में हाल ही में तीन दिवसीय मेगा मेडिकल और डेंटल हेल्थ

कैंप का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्पीयर कॉर्प्स के तत्वावधान में 'सुबनसिरी हीलर्स' द्वारा आयोजित किया गया। इस शिविर में एक सौ उनासी लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस पहल का उद्देश्य दूरस्थ सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करना था।

0000000000000000000000